**श्री भैरों प्रसाद मिश्र (बांदा):** मेरे संसदीय क्षेत्र बांदा (उत्तर प्रदेश) के अंतर्गत जनपद चित्रकूट में सिंचाई के प्रमुख साधनों में बरुवा एवं ओहन बांध हैं। लेकिन उनमें पानी पर्याप्त इकट्ठा नहीं हो पाता है, क्योंकि उनमें वर्षों से सिल्ट की सफाई नहीं होने से तलहटी पर सिल्ट (गाद) बड़ी मात्रा में जमा हो गयी है। अस्तु सरकार से अनुरोध है कि उक्त दोनों बांध ओहन तथा बरुवा में यथाशीघ्र सिल्ट (गाद) की सफाई कराने हेतु योजना इस गर्मी के सीजन में बनाई जाए जिससे अगले वर्ष किसानों को सिंचाई हेतु पर्याप्त जल उपलब्ध हो सके।

## (iii) Need to develop Ambala and its adjoining cities in Haryana as an industrial hub

**श्री रत्न लाल कटारिया (अम्बाला):** मैं मान्यवर प्रधानमंत्री जी का ध्यान दिल्ली व एनसीआर रीजन में बढ़ती हुई आबादी की ओर दिलाना चाहती हूँ। बढ़ती हुई जनसंख्या के कारण वर्ष 2022 में ऐसा अनुमान है कि न तो दिल्ली अन्तर्राज्यीय बस अड्डे न नई दिल्ली रेलवे स्टेशन और न ही हवाई अड्डे पर पैर रखने की जगह होगी।

दिल्ली में बढ़ते हुए प्रदूषण की स्थिति और भी विस्फोटक बनती जा रही है। मेरा निवेदन है कि अम्बाला पांच राज्यों का (पंजाब, हरियाणा, जम्मू एवं कश्मीर, हिमाचल प्रदेश, चण्डीगढ़, उत्तराखंड व पश्चिमी उत्तर प्रदेश) का केद्र बिन्दु है। अगर अम्बाला से कुरूक्षेत्र, अम्बाला से पटियाला, अम्बाला से चण्डीगढ़, अम्बाला से यमुनानगर, जगादरी को मिलाकर अम्बाला को इंडस्ट्रियल हब के रूप में विकसित किया जाता है तो 2050 तक इस क्षेत्र में हम रोजगार के नए अवसर प्रदान कर 2 करोड़ लोगों का समावेश कराने में सफल रहेंगे। जिससे दिल्ली के ऊपर जनसंख्या का दबाव भी कम होगा। जीएसटी लागू होने के बाद अम्बाला के इस केद्र बिन्दु पर लोग अपने-अपने लाजिस्टिक वेयरहाउस खड़ा करने में कामयाब रहेंगे जिससे उपरोक्त राज्यों में वस्तुओं के आवागमन में भी सहायता मिलेगी। यह एक आरक्षित क्षेत्र है और वैसे भी हिमालय की बेल्ट के साथ शिवालिक पहाड़ियों से जुड़ा 150 किलोमीटर लम्बा क्षेत्र विकास के लिए तरस रहा है।

आपने एक नया भारत बनाने का संकल्प लिया है। उसी कड़ी में आज अम्बाला को औद्योगिक गतिविधियों का केद्र बनाने में सहानुभूतिपूर्वक विचार करेंगे। इसके लिए मैं तथा क्षेत्र के लोग आपके सदा आभारी रहेंगे।

## (iv) Need to establish a Kendriya Vidyalaya in Maharajganj Parliamentary Constituency, Uttar Pradesh

**श्री पंकज चौधरी (महाराजगंज):** मेरे संसदीय क्षेत्र जनपद महराजगंज (उ.प्र.) में एक नये केंद्रीय विद्यालय की स्थापना हेतु जिला प्रशासन महाराजगंज द्वारा 6.5 एकड़ भूमि तथा नये केंद्रीय विद्यालय के अस्थायी संचालन हेतु जी.जी.आई.सी भवन नःशुल्क उपलब्ध करा दिया गया है जिसकी स्वीकृति माध्यमिक शिक्षा विभाग, उ.प्र. शासन, लखनऊ द्वारा केद्रीय विद्यालय संगठन वाराणसी संभाग को प्रेषित कर दी गई है। किन्तु अब तक नये केद्रीय विद्यालय की स्थापना तथा वर्तमान शिक्षा सत्र में नवीन केद्रीय विद्यालय का अस्थायी संचालन शुरू नहीं हो सका है। केंद्रीय विद्यालय संगठन के पत्र के अनुसार भवन तक जाने के लिए संपर्क मार्ग तथा शौचालय निर्माण के लिए जिला प्रशासन द्वारा लिखित रूप से केद्रीय विद्यालय संगठन को स्वीकृति प्रेषित कर दी गयी है।

मेरा अनुरोध है कि सरकार जनपद महाराजगंज (उ.प्र.) में एक नये केंद्रीय विद्यालय के शीघ्र स्थापना तथा वर्तमान सत्र में अस्थायी संचालन प्रारंभ करने हेतु निर्देश देने की कृपा करें।

## (v) Need to formulate a comprehensive policy for water conservation in the country

**श्री हरीश मीना (दौसा):** मैं केद्र सरकार का ध्यान देश में बढ़ रही पेयजल की समस्या की ओर आकर्षित करवाना चाहूंगा । साउथ अफ्रीका की राजधानी केप-टाउन में चल रही पेयजल की समस्या से हम सभी भली-भांति अवगत है। आज वह शहर पीने के पानी के लिए तरस रहा है।

पीने के पानी की समस्या देश में साल दर साल गंभीर होती जा रही है। तेजी से बढ़ती हुई आबादी और जमीन के नीचे के पानी के अंधाधुंध दोहन के साथ ही जल संरक्षण पर कोई कारगर नीति नहीं होने की वजह से देश का भविष्य खतरे में दिख रहा है।

दौसा सहित राजस्थान के विभिन्न हिस्सों में गर्मियों के आते ही पारा चढ़ने के बाद पीने के पानी की समस्या बढ़ने लगती है। स्वच्छ पीने का पानी आमजन को उपलब्ध करवाना यह सरकार का कर्तव्य है। ग्रामीण इलाकों में लोग आज भी प्रदूषित पानी पीने को मजबूर है। गंदे पानी को पीने के कारण लोग पेट और संक्रमण की विभिन्न बीमारियों की चपेट में आकर दम तोड़ देते हैं। एक ओर तो गांवों में साफ पानी नहीं मिलता तो दूसरी ओर, महानगरों में वितरण की कमियों के चलते रोजाना लाखों गैलन साफ पानी बर्बाद हो जाता है। बारिश का अधिकतर पानी बह कर नालियों में चला जाता है।

आखिर पानी की इस लगातार गंभीर होती समस्या की वजह क्या है? नदियों का देश होने के बावजूद ज्यादातर नदियों का पानी पीने लायक और कई जगह नहाने लायक तक क्यूं नहीं है?

नदियों को साफ करने के लिए शुरू अनेक कार्यक्रम व योजनाएं लाई गई लेकिन आज भी इन नदियों का प्रदूषण से मुक्त नहीं कर सके हैं। पानी की कमी की एक सबसे बड़ी वजह यह है कि सरकार

ने जल संरक्षण की दिशा में अब तक कोई बड़ी वजह यह है कि सरकार ने जल संरक्षण की दिशा में अब तक कोई ठोस नीति नहीं बनाई है।

अतः मेरा अनुरोध है कि जल संरक्षण की दिशा में सरकार कोई ठोस नीति लाये, ऐसा नहीं होने पर निकट भविष्य में पानी की एक-एक बूंद के लिए तरसना होगा।

## (vi) Need to set up a cement factory at Barmer or Jaisalmer in Rajasthan and also send an expert team to report on the feasibility of setting up mineral based industries in the region

**कर्नल सोनाराम चौधरी (बाड़मेर):** मेरा संसदीय क्षेत्र बाड़मेर-जैसलमेर सीमावर्ती एवं मरूस्थलीय क्षेत्र में भौगोलिक विऐमताओं के कारण यह क्षेत्र आर्थिक, राजनैतिक, सामाजिक एवं शिक्षा के क्षेत्र में पिछड़ा क्षेत्र है। इसका क्षेत्रफल 60000 वर्ग किमी है। जिसकी जनसंख्या 35 लाख है । पश्चिमी राजस्थान की 1070 किमी सीमा जो पाकिस्तान से लगी है। जिसमें से मेरा संसदीय क्षेत्र भारत-पाक सीमा से लगभग बाडमेर की 270 किमी एवं जैसलमेर की 464 किमी कुल 734 किमी से ज्यादा सटा क्षेत्र है । इस क्षेत्र में भारी मात्रा में आर्मी, एयरफोर्स एवं पैरामिलिट्री फोर्सेज है । यहां रोजगार के साधन नहीं होने से स्थानीय लोग उत्तर दक्षिणी औद्योगिक नगरों एवं महानगरों में रोजगार हेतु पलायन करते हैं। देश के शून्य उद्योग वाले जिलों में जैसलमेर का नाम आता है । प्रकृति की असीम कृपा से अब हालात बदल गये हैं। अब यहां धरा की कोख में लिग्नाईट, ग्रेनाईट, मैगनाईट, जिप्सम, मार्बल, स्टीलग्रेड लाईम, बैन्टोनाईट लाईम स्टोन एवं मैसेनरी स्टोन के अपार भंडार मिलते है एवं इंदिरा गांधी नहर एवं नर्मदा नहर आधारित परियोजनाओं से पानी भी उपलब्ध हो गया है। यहां उद्योग हेतु प्रचुर मात्रा में भूमि भी है। वर्तमान में बाड़मेर एवं जैसलमेर जिले में भादरेस में 1080 मेगावाट के लिग्नाईट पॉवर प्रोजेक्ट उपयोगी राख और जैसलमेर में सोनू में लाईम स्टोन का भरपूर भंडार होने के बावजूद दोनों जिलों में सीमेंट के कारखाने स्थापित नहीं हो पा रहा हैं । विडम्बना है कि सीमेंट के लिए राख एवं लाईम स्टोन दोनों ही यहां से सिरोही, जोधपुर, ब्यावर, चित्तौड़ एवं अन्यत्र भेजी जा रही है और ताज्जुब है कि प्रतिदिन 3500 टन बनने वाली राख तो बाडमेर से मुफ्त में ही अन्यों को दी जा रही है। वर्तमान में 1080 मेगावाट लिग्नाईट पॉवर प्लांट इकाईयां भादरेस से संचालित हैं, 660 मेगावाट की इकाईयां प्रस्तावित हैं । 250 मेगावाट की गिरल लिग्नाईट इकाईयां बंद पड़ी हैं । यहां वर्तमान 25000

टन कोयला प्रतिदिन काम में लिया जा रहा है। 3500 टन राख प्रतिदिन प्लांट में बनती है। 20 हजार मैट्रिक टन लाइम स्टोन का प्रतिदिन जैसलमेर सोनू से निर्यात किया जा रहा है। पर्याप्त जल और भूमि भी उपलब्ध है। बाडमेर-जैसलमेर रेलवे लाइन से भी जुड़ा है। साथ ही वर्तमान में तो जैसलमेर भाभर नई रेलवे लाइन का कार्य भी शीघ्र प्रारंभ होने जा रहा है। अर्थात् उद्योग हेतु आवश्यक सभी साधन उपलब्ध है। स्थानीय लोगों को रोजगार उपलब्ध करवाने, व्यावसायिक तौर पर किफायती होने, आर्थिक एवं सामरिक दृष्टि से महत्वपूर्ण होने के कारण मेरा केद्र एवं राज्य सरकार से विशेष आग्रह है कि प्रचुर मात्रा में प्रकृति सम्पदा, संसाधन, मानव संसाधन, परिवहन साधन, भूमि आदि की उपलब्धता एवं संभावनाओं को देखते हुए बाड़मेर या जैसलमेर दोनों में से किसी भी एक स्थान पर सीमेंट कारखाने खोले जायें एवं यहां उपलब्ध खनिजों पर आधारित अन्य उपयुक्त उद्योगों को विकसित करने के लिए विशेषज्ञ दल से अध्ययन करवाया जाये ताकि अन्य उद्योगों की संभावना बन सके।

## (vii) Need to provide stoppage of Aradhana Superfast Express (Train no. 12905/06) at Wardha in Maharashtra

**श्री रामदास सी. तडस (वर्धा):** मैं माननीय रेल मंत्री जी का ध्यान आकृष्ट करते हुए बताना चाहता हूँ कि मेरे संसदीय क्षेत्र वर्धा में महात्मा गाँधी जी का सेवाग्राम आश्रम है, जो महात्मा गाँधी जी की कर्मभूमि रही है। भारतीय रेल द्वारा पोरबंदर से हावड़ा वाया वर्धा सेवाग्राम आराधना सुपरफास्ट एक्सप्रेस (12906/12905) का परिचालन होता है। यदि इस एक्सप्रेस ट्रेन को वर्धा (सेवाग्राम) में ठहराव दिया जाए, तो सीधे तौर पर गाँधी जी की जन्मभूमि पोरबंदर संदीनी आश्रम से वर्धा (सेवाग्राम) आश्रम से जुड़ेगा एवं पोरबंदर एवं सेवाग्राम इन दोनों पर्यटन स्थलों का विकास रेलसेवा के माध्यम से होगा तथा पर्यटकों को सुविधा भी होगी। वर्ष 2019 में महात्मा गाँधी जी की 150वीं जन्म शताब्दी होने वाली है।

अतः आग्रह है कि इस ट्रेन का ठहराव वर्धा रेलवे स्टेशन पर देने की कृपा करें।

## (viii) Need to expedite interlinking of river projects in Dindori Parliamentary Constituency in Maharashtra

**श्री हरिश्चन्द्र चव्हाण (दिंडोरी):** मेरा संसदीय क्षेत्र दिन्डोरी महाराष्ट्र के नासिक जिले का एक भाग है। इस संसदीय क्षेत्र में किसान परिवार खेती-बाड़ी और वनों पर निर्भर है। इस क्षेत्र में कई नदियाँ हैं परन्तु किसानों को इन नदियों से सिंचाई के लिए आवश्यकतानुसार पानी नहीं मिला पा रहा है। कई सालों से मेरा संसदीय क्षेत्र सूखाग्रस्त रहा है। गत वर्ष बेमौसम वर्ष से किसानों को करोड़ों रुपये का नुकसान उठाना पड़ा। मेरे संसदीय क्षेत्र के नांदगांव, येवला, चांदवड, मालेगांव, निफाडा देवका, सुरगाण पेठ आदि तहसीलों में किसानों के लिए सिंचाई सुविधा का अभाव है। मेरे संसदीय क्षेत्र में सिंचाई व्यवस्था बनाये रखने के लिए कुछ नदियों को जोड़ने का कार्य शुरू करने के लिए कई वर्षों से बैठक एवं विचार किया गया जिसमें पार-तापी-नर्मदा नदियों के जोड़ने से वार्षिक सिंचाई 2.32 लाख हैक्टेयर एवं जल से विद्युत पैदा करने का प्रस्ताव है। दूसरा नदी सम्पर्क दमनगंगा-पिंजाल का है जिससे 895 एमसीएम घरेलू एवं औद्योगिक आपूर्ति होने की संभावना है। पार-तापी-नर्मदा एवं दमनगंगा-पिंजाल नदियों को जोड़ने का डीपीआर और साध्यता रिपोर्ट पूरी हो गई है और वर्तमान सरकार नदियों को जोड़ने के कार्य को प्राथमिकता दे रही है जिसे कम पानी वाली नदियों को अधिक पानी वाली नदियों के साथ जोड़ा जा सके जिससे कम पानी वाली नदियों को बराबर पानी मिलेगा और अधिक पानी वाली नदियों को बाढ़ से बचाया जा सकेगा। महाराष्ट्र के माननीय मुख्यमंत्री ने दमनगंगा-पिंजाल सम्पर्क में चार अंतर्राज्यीय सम्पर्क परियोजनाओं और समग्र आयोजना में पार-तापी नर्मदा सम्पर्क परियोजनाओं को शामिल करने का अनुरोध किया था। ये नदी सम्पर्क योजनायें नार-पार-गिरना, पार-तापी-गोदावरी, दमनगंगा (डकडारे) - गोदावरी घाटी सम्पर्क और दमनगंगा-वेतरणा-गोदावरी (कडवादेव) है। इन दो परियोजनाओं और महाराष्ट्र द्वारा सुझाई गई परियोजनाओं की जल, विद्युत लागत आदि की

साझेदारी संबंधी समझौता ज्ञापन के मसौदे को सहमति के लिए महाराष्ट्र एवं गुजरात को भेज दी गई है।

मेरे संसदीय क्षेत्र दिन्डोरी को सिंचाई लाभ पहुँचाने वाली सम्पर्क परियोजनायें नार-पार-गिरना, पार-तापी-गोदावरी, दमनगंगा (इकडार)- गोदावरी घाटी सम्पर्क और दमनगंगा-वेतरणा-गोदावरी (कडवादेव) को पूरा करने की जल, विद्युत लागत आदि की साझेदारी संबंधी समझौता ज्ञापन के मसौदे की सहमति महाराष्ट्र एवं गुजरात सरकार से शीघ्र प्राप्ति के लिए विशेष प्रयास किये जाये जिससे इन सिंचाई परियोजनाओं को शीघ्र क्रियान्वित किया जा सके।

## (ix) Need to constitute Legislative Council in Madhya Pradesh

**श्रीमती रीती पाठक (सीधी):** भारतीय लोकतंत्र की मनीषा है कि सरकार में सबका सरोकार हो, सबका सहकार हो, हमारी सरकार भी "सबका साथ व सबका विकास" को केद्र में रखकर गतिशील है।

हमारे यहाँ लोकसभा के साथ ही राज्यसभा के गठन की सुंदर व्यवस्था है, ठीक ऐसा ही राज्यों में विधान परिषदों के गठन की संवैधानिक मनीषा रही है। जहाँ तक मैं समझती हूँ, इसके पीछे चुनावी चयन या राजनीति के अतिरिक्त विभिन्न क्षेत्रों में विशेषज्ञता प्राप्त लोगों के अध्ययन व अनुभवों को जानकर उसके उपयोग और लाभ को प्राप्त करने की मंशा है।

मैं ऐसा मानती हूँ कि कोई व्यक्ति सर्वज्ञ नहीं होता और अलग-अलग विषयों पर अलग-अलग लोगों की विशेषज्ञता होती है। जैसे खेल व खेल की विभिन्न विधाओं में उत्कृष्ट  कार्य करने वाले लोग, साहित्य और उसकी विभिन्न विधाओं में उत्कृष्ट कार्य करने वाले लोग, किसानों के बीच, विद्यार्थियों के बीच जाकर उनकी समस्याओं को जानकर उनके उत्थान के लिए काम करने वाले लोग, विज्ञान के क्षेत्र में कार्य करने वाले लोग, इन सभी प्रतिभाशाली लोगों के अनुभवों की हमें व सदन को आवश्यकता होती है।

किन्तु कई ऐसे राज्य हैं, जहाँ विधान परिषद के गठन की व्यवस्था नहीं है। मैं विशेषतया मध्य प्रदेश राज्य की बात कर रही हूँ। विधान परिषद के गठन के अभाव में कई दशकों से विभिन्न क्षेत्रों की प्रतिभाओं का लाभ हम नहीं ले सके। जबकि हमारे कई पड़ोसी राज्य जैसे उत्तर प्रदेश, बिहार में विधान परिषदें  गठित हैं, वे प्रदेश लाभान्वित हो रहे हैं।

मैंने सुना है कि राष्ट्रकवि दिनकर हमारे उच्च सदन के कभी हिस्सा हुआ करते थे, ऐसा इसलिए संभव हो सका है, क्योंकि देश में राज्य सभा की व्यवस्था है।

इसी प्रकार से हमारे प्रदेश में कई दिनकर, कई तेन्दुलकर जैसी प्रतिभाओं को हम विधान परिषद के अभाव में उपयोग नहीं कर पा रहे हैं। हमारे मध्य प्रदेश राज्य में विधान परिषद का होना विशिष्ट प्रतिभाओं के लिए सुअवसर है, तो प्रदेश और सरकार के लिए अत्यंत उपयोगी।

मैं माननीय प्रधानमंत्री महोदय जी से आग्रह करती हूँ कि हमारे राज्य मध्य प्रदेश में विधान परिषद के गठन हेतु आवश्यक कार्यवाही कर प्रतिभाओं को समुचित अवसर दिलाने का कष्ट करें।

## (x) Need to improve BSNL mobile service in Bharuch Parliamentary Constituency, Gujarat

**श्री मनसुखभाई धनजीभाई वसावा (भरूच):** मैं सरकार का ध्यान अपने गृह राज्य गुजरात के दक्षिण क्षेत्र में बीएसएनएल की दोषपूर्ण एवं असंतोषजनक टेलीफोन एवं मोबाइल सुविधा की तरफ दिलाना चाहता हूँ। दक्षिण गुजरात के आदिवासी क्षेत्रों में बीएसएनएल की दूरसंचार सुविधा न के बराबर है। बीएसएनएल के लैंडलाइन टेलीफोन एवं मोबाइल टेलीफोन से कनेक्टविटि नहीं मिल पाती है जिसके कारण आदिवासी क्षेत्र के लोग बीएसएनएल के टेलीफोन सुविधा से लाभ नहीं उठा पा रहे हैं। देखा गया है कि बीएसएनएल में अफसरों की भरमार है और तकनीकी दोष ठीक करने वाले और टेलीफोन एक्सचेंजों में काम करने वाले मजदूरों की अत्यंत कमी है। जबकि बी.एस.एन.एल. में सरकार का अरबों रूपए का निवेश हैं, उसका कोई लाभ लोगों को नहीं मिलता। बीएसएनएल के दोषपूर्ण कार्यों से इसका घाटा सबसे ज्यादा है और यह घाटा हर साल बढ़ रहा है जबकि दूसरी ओर देखे तो 2014 में दो प्राइवेट टेलीफोन केपनियाँ भी जो बढ़कर अब 113 हो गयी क्योंकि वे अच्छा काम कर रही है और लाभ कमा रही हैं। दूसरी तरफ सरकारी कंपनी बीएसएनएल का बुरा हाल है। मेरे संसदीय क्षेत्र के मोवी-चौकडी जो नर्मदा जिला और भरूच जिले में राजपीपला देडयापाडा और नेत्रग तीन तहसील की बॉर्डर मिलती है। मोवी चोकडी के आसपास बीएसएनएल का टावर लगाने के लिए दो वर्षों से मांग कर रहा हूँ, ये टावर जल्द लगाए जायें।

मैं संचार मंत्री जी से आग्रह करता हूँ कि मेरे संसदीय क्षेत्र भरूच अंतर्गत नर्मदा एवं भरूच जिले के टेलीफोन विभाग के कार्यों की समीक्षा की जाये और दोषी व्यक्तियों के खिलाफ सख्त से सख्त कार्यवाही होनी चाहिए, जिससे देश के राजस्व का सदुपयोग हो सके।

## (xi) Need to develop local village markets as Gramin Krishi Bazaar in Maharajganj Parliamentary Constituency, Bihar

**श्री जनार्दन सिंह सीग्रीवाल (महाराजगंज):** हमारा देश कृषि प्रधान देश है। किसान अपना खून-पसीना बहाकर, कठोर शारीरिक परिश्रम से अन्न, सब्जी, फल सहित अन्य कृषि उत्पाद का उत्पादन करते हैं। देश की आजादी के इतने साल बीत जाने के बाद भी बड़े पैमाने पर किसानों द्वारा उत्पादित फसल को सीधे बाजार में बेचने की कोई कारगर व्यवस्था नहीं हो सकी है, जिस कारण आज देश में किसानों की हालत दयनीय हैं, इनकी दुर्दशा से हम सभी भलीभांती अवगत हैं।

किसानों की उक्त स्थिति के मद्देनजर आज भारत सरकार द्वारा 2018-19 के बजट में किसानों के लिए उत्पाद सीधे बेचने हेतु **22000 ग्रामीण हाट को ग्रामीण कृषि बाजार** में विकसित तथा उन्नत करने का निर्णय हम सभी के लिए बहुत ही प्रसन्नता का विषय है। यह निर्णय किसानों को अपने उत्पाद का उचित मूल्य दिलाने में काफी हद तक कारगर सिद्ध होगा।

अतः भारत सरकार के उक्त निर्णय के आलोक में मेरा अनुरोध है कि बिहार राज्यान्तर्गत मेरे संसदीय क्षेत्र महाराजगंज के प्रत्येक ब्लॉक जैसे महाराजगंज, गोरियाकोठी, लकड़ीनवीगंज, बसंतपुर, भगवानपुर, एकमा, जनता बाजार, माँझा, जलालपुर, बनियापुर, मशरक, तरैया, पानापुर और रसुआपुर में एक-एक ग्रामीण हाट को चिन्हित कर उसे ग्रामीण कृषि बाजार में विकसित और उन्नत करने की दिशा में आवश्यक कार्रवाई करने को कष्ट करें।

## (xii) Need to accord B-2 category status to Udaipur city

**श्री अर्जुन लाल मीणा (उदयपुर):** मैं अपने संसदीय क्षेत्र के उदयपुर शहर की ओर सरकार का ध्यान दिलाना चाहता हूँ। पूर्व में उदयपुर शहर के नगर निगम क्षेत्र की जनसंख्या लगभग 4 लाख 51 हजार 200 थी। वर्ष 2001 को सरकारी रिकार्ड के अनुसार उदयपुर शहर की जनसंख्या में लगभग 23 प्रतिशत वृद्धि दर्ज हुई थी। इस वृद्धि दर को यदि आधार माना जाये तो वर्ष 2016 तक जनसंख्या लगभग 5 लाख को पार कर चुकी है तथा उदयपुर शहर के पेरीफेरी के 34 राजस्व ग्रामों को यू.आई.टी. क्षेत्र में माना गया है, इन ग्रामों की जनसंख्या में वर्ष 2016 तक हुई वृद्धि को जोड़ा जाये तो वर्तमान जनसंख्या में वर्ष 2016 तक हुई वृद्धि को जोड़ा जाये तो वर्तमान जनसंख्या लगभग 7.50 लाख से ऊपर जाती है।

अतः उपरोक्त तथ्यों और उदयपुर की जनसंख्या वृद्धि को ध्यान में रखते हुए मैं भारत सरकार से मांग करता हूँ कि उदयपुर शहर को अतिशीघ्र "बी-2" श्रेणी का दर्जा दिया जाये जिससे यहां के कर्मचारियों एवं आम जनता को "बी-2" श्रेणी के सभी लाभ प्राप्त हो सके।

## (xiii) Need to issue 'IZZAT' monthly train pass to the labourers of unorganized sector in Chamarajanagar Parliamentary Constituency, Karnataka

SHRI R. DHRUVANARAYANA (CHAMARAJANAGAR): I would like to draw the kind attention of the Government that, as per Budget Speech for 2009-10, Ministry of Railways introduced "IZZAT" scheme and issued suitable directions through Commercial Circular No.24 of 2009. Hence any modification in this regard should be issued by Ministry of Railways only. But at present, as per the direction of Divisional Railway Manager, South Western Railways, Mysore (Karnataka) Railway Station Masters of Nanjangud and Chamarajanagar of my Constituency are demanding affidavit from NOTARY and PF Number and their construction company owner's signature etc. for the issuance of IZZAT pass. Daily wage building labourers have no PF No. and permanent construction company or Manager. They attend building labour works at different places on a day to day basis. Hence, they are unable to produce PF number and construction company name. On the basis of this direction, total 8,500 IZZAT pass holders of my Constituency are unable to use the benefit of the above Scheme.

Hence, I hereby urge the Union Government to direct the concerned Railway Officer to withdraw the above directions and issue IZZAT Monthly Train Pass to the Unorganized Sector of my Constituency as per the direction issued by the Ministry of Railways in Commercial Circular No.24 of 2009.

## (xiv) Need to shut down the polluting Sterlite Industries in Thoothukkudi Parliamentary Constituency, Tamil Nadu

SHRI J.J.T. NATTERJEE (THOOTHUKUDI): The Sterlite Industries causing dangerous levels of environmental pollution is the most menacing problem faced by the people of Thoothukkudi Constituency. They are demanding for a permanent closure of the copper smelter unit. Sterlite has been at the centre of controversy right from its inception. The factory was polluting the environment and causing irreparable health hazards.

Tamil Nadu Pollution Control Board had issued a notice directing the Sterlite industries to close the plant. The copper smelter plant was not fit for operation and should not be permitted to commence operations in view of numerous incidents of excessive emissions of sulphur-dioxide. Due to this irreparable injury and hardship caused to the public, there is imminent threat and danger of a chemical disaster like the Bhopal Gas Tragedy.

Sterlite had been habitually negligent towards maintaining safety safeguards and is operating only on the basis of interim orders of the Supreme court after having been closed earlier. The Supreme Court had even asked Sterlite Industries to pay Rs. 100 crore as compensation for polluting environment. Amidst thi controversy, the Sterlite is planning to start Aluminium

plant soon. This will be completely against the interests of the people and their life is in great danger.

Therefore, I urge the Union Government to take appropriate stringent action against the highly polluting Sterlite Industries and make sure that their polluting units be closed immediately to save the lives of millions of people living in this region.

## (xv) Need to modernise Katpadi and Marudalam Railway stations in Tamil Nadu

SHRI G. HARI (ARAKKONAM): I would like to bring to the notice of the Government towards a very important long pending demand of the people of my Arakkonam Constituency with regard to Railways. Katpadi Junction is the name of the primary railway station of Vellore city, providing connections to virtually every city and town in India. Katpadi Railway Junction in Southern Railway needs to be modernized with all the state of art technology facilities. There is an urgent need for the construction of Railway Over Bridge at Katpadi and requires immediate financial support and execution. Katpadi is one of the important commercial centres with lots of educational institutes and major medical centre in this region. Number of commuters have increased tremendously mainly due to the Christian Medical College & Hospital (CMC), Vellore, Institute of Technology (VIT), the temple town of Tirupati and more recently the Golden temple at Sripuram, Vellore.

Katpadi Junction is important because the Chennai-Bangalore and Chennai-Mysore Shatabdi Express stop here and the only junction where the Shatabdi trains and all fast trains stop. More than 150 trains cross through Vellore's Katpadi Junction daily. Katpadi Junction handles more than 20,000 passengers a day and a floating population of over 25,000 people from various places. Marudalam Railway station is another important Railway Station which

needs to be upgraded. Platforms are to be extended and provided with all amenities.

Therefore, I urge the Government to expedite the construction of Railway Over Bridge and modernize the Katpadi Junction and Marudalam Station with all essential facilities.

**(xvi) Need to improve the BSNL mobile service in Arambagh Parliamentary Constituency, West Bengal**

SHRIMATI APARUPA PODDAR (ARAMBAG): My Parliamentary Constituency Arambagh is having internet connectivity problems. Landline connectivity is available, which is provided by BSNL. But as people do not get BSNL signal properly, they face problems. All activities get hampered.

I urge the Government to take corrective measures to improve the service of BSNL in interior parts of my Arambagh Constituency.

## (xvii) Need to ban the pesticides classified as hazardous by the World Health Organisation

SHRI DINESH TRIVEDI (BARRACKPUR): In October 2017, a matter of crucial importance came to the forefront when 21 farmers lost their lives due to pesticide poisoning in Yavatmal district of Maharasthra. According to government data, pesticide poisoning has claimed the lives of 272 farmers in the last 4 years in Maharashtra alone. The special investigation team discovered that the pesticides that caused these deaths are Monocrotophos and Oxydemetonmethy, which are Class 1 hazardous pesticides under WHO. These pesticides which are being used by our farmers have been banned in 60 countries across the world. Punjab recently stopped the issue of fresh licences to 20 harmful pesticides. Since the power to completely ban the hazardous pesticides rests with the central government under the Insecticides Act, 1968, I urge the Ministry of Agriculture and Farmers Welfare to take cognizance of this matter and ban the pesticides classified as hazardous under Class I by WHO at the earliest.

**(xviii) Need to extend railway line from Junagarh to Ampani in Odisha**

SHRI ARKA KESHARI DEO (KALAHANDI): Expansion of railway line is considered as one of the parameters of economic development. Kalahandi my Parliamentary Constituency is located in the western Odisha region in the State of Odisha. My district is comparatively less developed than the coastal districts of the State. The extension of railway line from Junagarh to Ampani may be taken up during the current financial year by the Government in order to increase railway network as well as transportation of goods and services and easy movement of people of my district.

**(xix) Need to accord Special Category Status to Andhra Pradesh**

SHRI JAYADEV GALLA (GUNTUR): Even after more than 4 years of its bifurcation, Andhra Pradesh still stands at a disadvantageous position. There is no doubt that CM of Andhra Pradesh is sweating it out day in and day out to bring Andhra Pradesh at the level-playing field, but he is not able to do it fully.

The Government of India is aware of these problems and to overcome disadvantages, Union Government decided on 01-03-2014 to accord Special Category Status to Andhra Pradesh for 5 years to come out of financial handicap. The Union Government has promised to extend this to 10 years. But, so far no steps have been taken by the Government of India. Hence, I request Government of India to take following steps immediately so that Andhra Pradesh could come out of the present crisis:

1. Special Category Status should be conferred and it should be for 10 years to establish level playing field.

2. Implement Section 46(2) of AP Reorganisation Act which mandates Government of India giving grants, incentives in the form of special development package for Rayalaseema and Northern Andhra Pradesh on the lines of KBK and Bundelkhand.

3. Incentives to industries in the form of tax concessions, etc., at par with HP and Uttarakhand.

4. Government of India assured to build new capital Amaravati. It requires Rs. 3 Lakh crores. Rs. 43,000 crores be released in the next 5 years to construct essential infrastructure.

In the first half of Budget Session, FM made a statement that his team in Finance Ministry would discuss and finalize issues with officials from Finance Department of Government of Andhra Pradesh in 3-4 days. It is one month, but nothing has come out.

So, I request the hon. Prime Minister to implement Cabinet decision of conferring Special Category Status on Andhra Pradesh.

## (xx) Need to develop Son Bheel in Karimganj district, Assam as a tourist spot

SHRI RADHESHYAM BISWAS (KARIMGANJ): In my constituency and District Karimganj in Assam, there is an idyllic place with natural beauty namely Son Bheel, which is the largest natural fishing site in Asia with hills on both east & west sides. It covers an area of 85 Sq. Km. during high flood and reduces to 35 Sq. Km. in normal summer season. It is surrounded by 35 villages with a population of 80,000. The residents of the villages around depend on the wet land for fishing & agricultural purpose. The speciality of Son Bheel is that during winter season it becomes fully farm land where rice cultivation is done and from March onwards it become a natural lake. Water and soil of Son Bheel is suitable for natural fish breeding and in winter season it become a migratory bird's sanctuary. The tragic part is that in the absence of any prohibitory measures, the migratory birds are mercilessly killed by people for food. By planning & developing Son Bheel, it can be used for various purposes. Firstly, by protecting and developing the area as non-fishing zone, natural breeding of total fishes can be increased, bird sanctuary can be developed and logging water can be used for irrigation purpose in winter season. Once Son Bheel is developed as protected natural fishery and tourist spot, naturalists, birds watchers and scientific researchers will

find it a suitable place to visit. Tourists can also undertake rafting, angling and boat ride. Above all, the economic condition of the area will improve. So, I urge upon the DONER Ministry to take immediate steps for developing Son Bheel by sending a specialist team for survey and planning.

## (xxi) Need to protect the land rights of tribal people in the Land Acquisition Act, 2013

**श्री विजय कुमार हांसदाक (राजमहल):** मैं सरकार का ध्यान केंद्र द्वारा भूमि अधिग्रहण अधिनियम 2013 के मूल प्रावधानों से हटकर अध्यादेश लाये जाने की तरफ दिलाना चाहता हूँ जो झारखण्ड के करोड़ों आदिवासी-मूलवासियों के अधिकारों का हनन करने एवं मुट्ठी भर पूंजीपतियों को और धनवान बनाने का रास्ता बनाने के लिए लाया गया है जिसके कारण झारखण्ड राज्य के आदिवासी-मूलवासियों की जमीन को अधिग्रहित कर उन्हें भूमिहीन किया जा रहा है जिससे आदिवासी-मूलवासी विनाश की ओर जा रहे हैं । कई योजनाओं के क्रियान्वयन से उन्हें बड़े पैमाने पर विस्थापित कर उन्हें रोजगारविहीन किया जा रहा है।

मैं सरकार से अनुरोध करता हूँ कि भूमि अधिग्रहण अधिनियम के मूल प्रावधानों के साथ किसी प्रकार की छेड़छाड़ न होने दें जिससे देश के आदिवासी-मूलवासी अपना आर्थिक एवं सामाजिक विकास नि:संकोच ढंग से कर सकें।

## (xxii) Need to accord special category status to Bihar

**श्री कौशलेन्द्र कुमार (नालंदा) :** बिहार राज्य विकास की दौड़ में अत्यंत ही पिछड़ता जा रहा है। राज्य के अपने सीमित संसाधन होने के कारण सबसे पहले बिहार राज्य को विशेष राज्य का दर्जा देकर वहाँ उद्योगों को लगाने के लिए प्रोत्साहित करना होगा। इस संबंध में राज्य सरकार पिछले कई वर्षों से प्रयासरत है और केद्र से आग्रह करती आ रही है, किन्तु न तो पिछली सरकार और अब न ही मौजूदा सरकार राज्य के हित की बात कर रही है। यह तो बिहार के साथ पक्षपात और घोर अन्याय किया जा रहा है। माननीय मुख्यमंत्री श्री नीतीश कुमार जी इसके लिए धरने पर बैठे। राज्य के दोनों सदनों से सर्वसम्मति से प्रस्ताव पास कर केद्र को भेजा गया, जो अभी तक लंबित हैं बिहार की 11 करोड़ से ज्यादा की आबादी वाले राज्य को अपने भाग्य के भरोसे छोड़ दिया गया है। वैसे ही राज्य का आधे से अधिक भू-भाग प्रतिवर्ष बाढ़ की मार झेलने को मजबूर है और शेष भाग में सूखे की स्थिति बनी रहती है। बिहार में पिछले 30 वर्षों से कोई भी कल-कारखाने नहीं लगे हैं, मात्र बाढ़ पावर प्लाण्ट एवं नालंदा में एक आयुध फैक्ट्री व रेल कारखाना ही है। विगत आम चुनाव के समय माननीय प्रधानमंत्री जी ने राज्य की जनता को पूर्ण भरोसा दिया था कि बिहार को अगर किसी में विशेष राज्य को दर्जा देने की ताकत है, तो वह सिर्फ मोदी जी ही कर सकते हैं। अब सरकार अपना कार्यकाल पूरा करने जा रही है, फिर भी बिहार जैसे अति पिछड़े राज्य के प्रति उदासीनता समझ से परे है। पिछले कुछ वर्षों में पूर्वोत्तर राज्यों को विशेष राज्य को दर्जा दिए जाने से वहाँ बहुमुखी विकास देखा जा रहा है। इसी क्रम में अन्य पिछड़े राज्यों से भी इस प्रकार की माँगें आ रही हैं। वह सर्वथा उचित है। पिछड़े राज्यों की जनता को भी न्याय मिलना ही चाहिए।

अतः केद्र सरकार से माँग करता हूँ कि बिहार को विशेष राज्य का दर्जा देकर यहाँ भी टैक्स की छूट मिले, जिससे कि राज्य में औद्योगिकीकरण को प्रोत्साहित किया जा सके और हम भी देश के विकास में कंधे से कंधा मिलाकर राज्य एवं देश को आगे बढ़ाने में सरकार की मदद कर सकें।

**(xxiii) Need to protect interests of small and marginal farmers of Kerala from the possible repercussions of the proposed Regional Comprehensive Economic Partnership**

SHRI JOSE K. MANI (KOTTAYAM): The Centre plans to enter into trade agreement with the ten ASEAN nations and the countries of China, Japan, South Korea, Australia and New Zealand to form the Regional Comprehensive Economic Partnership (RCEP). In the light of this development, I would like to seek the intervention of the Government to address the possible repercussions of RCEP on the small and marginal farmers in the State of Kerala.

The plantation sector in the State of Kerala is already going through a crisis due to impact of various trade agreements. It is now feared that cheap imports of cash crops, milk products, rubber and tea will further aggravate the situation of the farmers. Especially, the small and marginal farmers engaged in the dairy industry will be hurt by the pressure of global competition. The dairy sector in Kerala is unique because it highly depends on the neighbouring States for all the cattle rearing inputs. This eventually translates into high production cost, making it tough for the sector to fight the cheap imports from other countries. The Centre must consider the impact that RCEP would have on various agro-based sectors by consulting the State Governments in order to protect the interests of farmers in the country.

HON. SPEAKER: The House stands adjourned to meet again on Wednesday, the 14th March, 2018 at 11a.m.

**12 09 hrs**

*The Lok Sabha then adjourned till Eleven of the Clock on Wednesday, March 14, 2018 / Phalguna 23, 1939 (Saka).*

_________